## विश्वविद्यालय में गुरु रविदास जयंती श्रद्धा व उत्साह से मनाई गई

पंतनगर। 4 फरवरी 2026। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती, जो प्रतिवर्ष 1 फरवरी को मनाई जाती है। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु रविदास जी के समता, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव के संदेश को जन–जन तक पहुँचाना था। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु रविदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं प्रार्थना के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने उनके जीवन और शिक्षाओं को याद करते हुए समता, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव के संदेश पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन, भाषण एवं कविता पाठ जैसी विभिन्न रचनात्मक और साहित्यिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने गुरु रविदास जी के जीवन, दर्शन और सामाजिक सुधार में उनके योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल ने विद्यार्थियों को गुरु रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने तथा समानता, करुणा और समाज सेवा के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. संध्या रानी के संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि गुरु रविदास जी की शिक्षाएँ आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं।



